कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-31/07/2025

विषयः-"मिशन अस्मिता" के तहत थाना सिगरा पुलिस द्वारा पीड़िता के साथ मारपीट व जबरन धर्म परिवर्तन कराने के लिए धमकाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस द्वारा मु0अ0स0-0270/2025 धारा 74,115(2),352,351(2) बी0एन0एस0 व 3/5(1) धर्म परिवर्तन अधि0 से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 नईम खान (उम्र 55 वर्ष) पुत्र स्व0 मो0 समसुज्जमा पता म.न. सी 2/133 ए हंकार टोला औरगाबाद थाना चेतगंज जनपद वाराणसी को थाना सिगरा क्षेत्र से दिनांक 30/07/2025 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरणः-

दिनांक 30/07/2025 को वादिनी मुकदमा / पीड़िता द्वारा लिखित सूचना दिया गया कि वो थाना क्षेत्र सिगरा कि निवासिनी है। डा0 नईम कादरी सेख सलीम फाटक राहत दवाखाना नई सडक जो एक बाबा भी है जिसके कान्टेक्ट में पीड़िता करीब 10 साल से है जिनके द्वारा पीड़िता के साथ गलत काम किया जाता रहा है तथा पीड़िता को मारना- पीटना, गाली देना हर दो चार दिनों पर करता रहता है और वो कहता था कि अपनी बेटी का निकाह कराओ वो जवान हो गई है और अपने बेटे का भी मुसलमानी करवाओ फिर उसका भी निकाह कर दो। दिनांक 23-07-25 को पीड़िता के घर पर आकर बहुत ज्यादा मारपीट किया। दिनांक 29/07/2025 को मेरे पति के दुकान जहाँ वो नौकरी करते हैं पर जाकर धमकी दिया कल निकाह नहीं कराओगे तो तुमको 10 गोली मारूँगा और बहुत मारा भी है। जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर अभियोग दर्ज है।

पूछतांछ अभियुक्त- पूछतांछ पर अभियुक्त जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि मैं अक्सर ऊषा देवी के घर जाया करता था वो मेरी मुरीद है व मैने उन सभी को मुस्लिम धर्म में आने की बात कही थी वो लोग नहीं मान रहे थे तो उनके साथ मारपीट किया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता व उम्र-

मो0 नईम खान पुत्र स्व0 मो0 समसुज्जमा पता म.न. सी 2/133 ए हंकार टोला औरगाबाद थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र 55 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोगः-

मु0अ0स0- 0270/2025 धारा 74,115(2),352,351(2) बी0एन0एस0 व 3/5(1) धर्म परिवर्तन अधि0 थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री रोहित तिवारी चौ0प्र0 नगर निगम थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. म0उ0नि0 प्रीती कुमारी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 संजय चौधरी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0कां0 विनोद यादव थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।